




# भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन हुई संस्कारधानी

## रात 12 बजते ही धूमधाम से मनाया गया मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, शहर में सुबह से रात तक नजर आई जन्माष्टमी की धूम

**नवभारत, जबलपुर।** भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टकी की शहर में शुक्रवार सुबह से ही धूम रही। मंदिरों से लेकर घर-घर तक हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, आनंद उमंग भयो जय हो नंदलाल की के जयघोष गूंजते रहे। शहर के मंदिरों में आकर्षण साज सज्जा की गई थी जो कि आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान माखन, मिश्री, मक्खन का भोग भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित किया गया और आशीर्वाद प्राप्त किया गया। उधर बच्चे और बच्चियां भगवान श्री कृष्ण और राधा की वेशभूषा में भी नजर आए। शुक्रवार रात 12 बजते ही शहर के प्रसिद्ध मंदिरों सहित पचमठा मंदिर में घंटियां, ढोल, बैंड बजने लगे और सभी ने भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस दौरान जय हो नंदलाल की के जयघोष गूंज उठे। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि सुबह से लेकर रात 12 बजे तक शहर में जन्माष्टमी की सर्वत्र धूम रही।

शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा सहित लड्डू गोपाल, झूला ,रासलीला, खाटू श्याम, यशोदा मैया ,मक्खन मंथन, नरसिंह भगवान, गिरिराज जी की लीला, बांके बिहारी और गौमाता राष्ट्र माता की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। इसके साथ ही अहीर एवं आदिवासी नृत्य, अखाड़े, बग्घियां, अश्वरोही दल, धमाल दल और पारंपरिक भजन मंडलियों ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। शोभायात्रा में नरसिंह पीठादीश्वर डॉ. स्वामी नृसिंहदास जी महाराज, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक लखन घनघोरिया, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व विधायक तरूण भनोट, विनय सक्सेना, संजय यादव, भारत सिंह यादव, शिव यादव दिनेश यादव पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस, सुनील यादव, प्रदीप यादव पूर्व मंडी अध्यक्ष, रब्बू यादव, नरेश यादव, वीरेन्द्र यादव, वीरेंद्र यादव, संजय यादव बसंता, राममिलन यादव, विजय यादव, मनोज यादव, शशांक यादव, विजय यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।




### शोभायात्रा में शामिल हुए लोक निर्माण मंत्री-महापौर

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू शुक्रवार को गोरखपुर स्थित सनातन धर्म मंदिर पहुंचे। यहां वे दोनों श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित भव्य चलित शोभायात्रा में शामिल हुए। सांसद और महापौर ने इस मौके पर भगवान श्रीकृष्ण का विधि विधान से पूजन अर्चन कर शहर की सुख,समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। जन्माष्टमी के अवसर पर सनातन धर्म मंदिर से निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में विभिन्न झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का पवित्र पर्व है जिसे पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। शोभायात्रा के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेनश सोनकर, कौशल सूरी, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर कलेक्टर रविशंकर राय सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने भगवान श्रीकृष्ण का पूजन.अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### जबलपुर मोटर्स पार्ट्स डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने किया स्वागत

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जबलपुर मोटर्स पार्ट्स डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सनातन प्रेमियों के स्वागत एवं प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं व्यापारीगण ने सहभागिता कर भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनदीप कोहली, कर्नल छाबड़ा, डॉ. जय रोहाणी, रमिन्दर चोपड़ा, राजिंदर छाबड़ा, राम अंतर शारदा, गुरमीत छाबड़ा, देवेंद्र भाटिया, पुनीत गुलाटी, ओ.पी. पचौरी, विनम्र भाटिया, अमरजीत तालुजा, सुरेंद्र टुटेजा, अरविंदर बग्गा, सुरेंद्र टट्टर, गुरविंदर सलूजा, दिलीप वर्मा, रोमी सलूजा, जोगेश भाटिया, आशु अग्रवाल, गुरदीप सलूजा, वासु कटारिया, संकल्प मादन, कुलदीप सचदेव, देवेंद्र कोहली, दीपक नागपाल, रमनप्रीत चड्ढा, सपन भाटिया एवं सुरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले 50 वर्षों से एसोसिएशन द्वारा जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सनातन प्रेमियों के लिए प्रसाद एवं जल वितरण का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। यह परंपरा सामाजिक समरसता, सेवा एवं सनातन संस्कृति के प्रति आस्था का प्रतीक है।



### यादव महासभा की शोभायात्रा में शामिल हुईं मनमोहक झांकियां

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर यादव महासभा जबलपुर के तत्वावधान में सनातन धर्म मंदिर, तीन पत्ती स्थित पुराने बस स्टैंड से निकाली गई भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा में शामिल हुए। इस दौरान दोनों ने भगवान श्रीकृष्ण का विधि.विधान से पूजन.अर्चन कर शहर की सुख, समृद्धि शांति एवं खुशहाली की कामना की। शोभायात्रा में सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की पूजा अर्चन किया जायेगा। योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण के पावन जन्मोत्सव पर श्री सनातन धर्म तिराहा (पुराने बस स्टैण्ड) से भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा पूज्य संतोंजनों तथा धार्मिक सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं सहित सैंकड़ों धर्मप्रेमीजनों की उपस्थिति मे प्रारंभ होकर नगर निगम चौक,मालवीय चौक लॉर्डगंज चौक,बड़ा फुहारा,कमानिया गेट, कोतवाली,मिलोनीगंज, भान तलैया पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन किया गया।

### नवभारत परिवार ने किया शोभायात्रा का पूजन- अर्चन



श्रीकृष्ण जमाष्टमी के पावन अवसर पर नवभारत परिवार द्वारा अपनी वर्षो पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी शोभायात्रा चल समारोह का भव्य रूप से पूजन अर्चन किया गया, तदोपरांत शोभायात्रा अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान हुई। इस अवसर पर नवभारत जबलपुर के प्रसार प्रभारी कौशलेश पांडे, एचआर गोविंद दुबे, हरि मेहरा, मनीष गुप्ता सहित नवभारत परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### इनका कहना है




जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। भक्तों की भीड़ देखते ही बन रही थी।

**डंपी कोहली**



सनातन धर्म मंदिर में अल सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही थी। आज भी विविध कार्यक्रम होंगे।

**कपिल द्विवेदी, पुजारी सनातन धर्म मंदिर**



जन्माष्टमी का पर्व हमेशा से ही हम सभी के लिए खास रहा है। इस दिन भक्तों की खुशी का ठिकाना नहीं रहता है।

**पं. आदर्श शास्त्री**



जन्माष्टमी के अवसर पर स्कूलों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। जिसमें बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

**सुरेश यादव, रिटायर्ड प्राचार्य ब्लाइंड स्कूल**



रुद्रांश श्रीवास्तव


अगस्त्य गुप्ता


आश्वी पाटिल


भव्य पाटिल




अद्विका ऊचोलिया

**श्रृद्धांजलि** | संयुक्त आदिवासी समाज ने जताया आक्रोश

# मोमबत्ती जलाकर मृत बच्चों को दी गई भावभीनी श्रृद्धांजलि

**नवभारत, जबलपुर।** बालाघाट के वनांचल में स्वास्थ्य संकट गहरा गया है। आदिवासी बैगा के 30 मासूमों की मौत पर संयुक्त आदिवासी समाज ने आक्रोश जताया और फिर गोंडवाना चौक जबलपुर में एकत्रित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मप्र आदिवासी विकास परिषद् जबलपुर के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तेकाम ने बताया कि मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के बैहर, बिरसा और परसवाड़ा विकासखंड के सुदूर वनांचल गांवों में फैले गंभीर स्वास्थ्य संकट के कारण अब तक 30 मासूम आदिवासी बच्चों की असामयिक मृत्यु हो गई है। कुंडेकसा (कुंडकेसा), अडोरी, कोरका, मछुरदा, लालपुर सहित कई गांव इस संकट से बुरी तरह प्रभावित हैं। समय पर स्वास्थ्य सुविधा न मिलने से यह हृदय विदारक घटना हुई है।



इस हृदय विदारक घटना से आहत होकर शुक्रवार को म.प्र. आदिवासी विकास परिषद, जबलपुर के तत्वावधान में संयुक्त आदिवासी समाज द्वारा गोंडवाना चौक स्थित अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह जी की प्रतिमा स्थल पर मृत बच्चों को मोमबत्ती जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

### ये रही मांगें

इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने सरकार से मांग की है कि मृतक 30 बच्चों के परिवारों को तत्काल उचित मुआवजा राशि प्रदान की जाए, क्षेत्र में बीमार चल रहे अन्य बच्चों के लिए तत्काल विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम एवं दवाइयों की व्यवस्था की जाए और बैहर, बिरसा, परसवाड़ा के सुदूर वनांचल गांवों में स्थायी रूप से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, डॉक्टर एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर संयुक्त आदिवासी समाज के राजेन्द्र सिंह तेकाम, धीरेन्द्र ,संजू ठाकुर ,मुकेश बट्टी ,बालकृष्ण उइके, प्रीति ठाकुर, उमा उइके सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में देखा गया वृंदावन जैसा नजारा

**भक्तों को वृंदावन धाम से पूजित मोर पंख का किया वितरण**

**नवभारत, जबलपुर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर संगमरमर वादियों के बीच में बना हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में वृंदावन जैसा नजारा देखने को मिला। ग्रामीण परिवेश में भक्त बास की टुकनियों में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव आश्रम में आकर झूम झूम कर मना रहे थे।

सर्व प्रथम आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज ने भगवान राधा कृष्ण का 11 फलों के रस से अभिषेक कर भक्तों को भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं के बारे में बताया फिर भक्तों द्वारा बारी-बारी से अभिषेक किया



वहीं आश्रम के व्यवस्थापक नर्मदा महाआरती संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया गांव - गांव से आई संकीर्तन मंडलियों ने 108 प्रकार की धुनों से प्रस्तुति की और फिर मंडली वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । इस दौरान भक्तों को वृंदावन धाम से पूजित मोर पंख का वितरण किया गया । भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ । इस अवसर पर डॉ वाय आर यादव ,बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, विद्यासागर दुबे, किशोर दुबे, श्याम मनोहर पटेल ,दुर्गा पटेल, सुरेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।